रविशंकर प्रसाद ने भारत को एक ट्रिलियन डालर की डिजिटल अर्थव्यवस्था की कार्ययोजना तैयार करने के लिए उद्योगपतियों के साथ बैठक की

भारत सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए आज इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र के उद्यमियों के साथ आज एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान डिजिटल आर्थिक सेवाओं और ई-कॉमर्स पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक कारगर कार्ययोजना के प्रारूप पर भी विचार-विमर्श हुआ।

इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी और कानून और विधि मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी और कानून और विधि राज्यमंत्री श्री पी.पी. चौधरी, इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय की सचिव सुश्री अरूणा सून्दरराजन इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय अतिरिक्त सचिव डॉ. अजय कुमार भी उपस्थित थे।

उद्योग जगत और उद्योग संघो की ओर से इन्फोसिस,आईबीएम,विप्रो, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, महिन्द्रा टेक, इन्टेल कॉरेपोरेशन, पेनासोनिक इंडिया, क्रिकहील, हाइक,लावा इन्टरनेशल लिमिटेड, आईवीसीए, एनपीसीआई, एनएएसएससीओएम, आईएएमएआई आदि ने प्रतिनिधित्व किया।

उद्योगपतियों ने सरकार के वर्तमान कदमों का स्वागत किया और जोर देते हुए कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र के बीच प्रभावी साझेदारी भारत को एक ट्रिलियन डालर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। निजी एवं सार्वजनिक साझेदारी वाली परियोजनाओं से जुड़े विवादों के निपटान के लिए बेहतर प्रणाली, उद्योगों के सहयोग से उभरती हुई तकनीकों के प्रयोग, डाटा सुरक्षा के लिए कानूनी ढाचे की मजबूती जैसे क्षेत्रों में सरकार को सुधार करने की आवश्यकता है ताकि कार्य योजना को कारागर तरीके से लागू किया जा सकें।

अरूण जेटली ने कोरिया गणराज्य के राष्टपति मून जई इन से कल मुलाकात की

केंद्रीय वित्त,कार्पोरेट और रक्षा मंत्री श्री अरूण जेटली ने कल कोरिया गणराज्य के राष्टपति महामहिम श्री मून जई इन से मुलाकात की। वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली ने राष्टपति श्री मून को हाल ही में हुए चुनाव मे विजय प्राप्त करने पर बधाई दी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त की। श्री जेटली ने श्री मून के क्षेत्र के प्रति उनके दृष्टिकोण और भारत के साथ संबंधों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत दौरे के निमंत्रण का पुनः स्मरण कराते हुए आशा व्यक्त कि दोनो नेताओँ के बीच शीघ्र ही भेंट होगी।

वाया लाईफ ने हर व्यक्ति के अनुरुप ३ नये टिफिन पेश कीये – चित्ता डयु और ब्लेक

होम वेयर केटेगरी में टोच की कंपनी वाया लाइफ प्रा. लि. द्वारा हर व्यक्ति के अनुरुप एसे अति आकर्षक और स्टाइलिश डिजाइन से सुसज्जित तीन नये वाया टिफिन पेश कीये गये है। इस नई पेशकश को चित्ता, डयु और ब्लेक नाम दिया गया है। यह विभिन्न प्रकार के ग्राहको को विभिन्न स्टाइलवाले टिफिन का चयन करने की तक प्रदान करेगा।

वाया टिफिन की नई रेन्ज वेबसाइट https://vaya.in/ पर १००० एमएल (३ बोक्स), ६०० एमएल (२ बोक्स) में उपलब्ध है।

किंमत :

१००० एमएल – रु. २९९० (बेगमेट के साथ), रु. २४९० (बेगमेट के बगैर)

६०० एमएल – रु. २३९० (बेगमेट के साथ), रु. १८९० (बेगमेट के बगैर)

अधिक जानकारी के लिए और अपने वाया टिफिन को आज ही अपने घर लाने के लिए लोग ओन कीजीए : www.vaya.in (19-10)

Sony Pix FPC Listing 19th June,2017

India	19-Jun-17
Time	Monday
5:51 AM	PRISONERS
8:15 AM	HANGING UP
10:15 AM	HER
12:06 PM	PUERTO RICANS IN PARIS
1:00 PM	THE SILENT STORM
3:10 PM	THE HELP
5:36 PM	BEYOND THE MASK
7:15 PM	MAID IN MANHATTAN
9:00 PM	ANONYMOUS
11:10 PM	LINCOLN
1:29 AM	CLOSER
2:41 AM	MALEFICENT
4:18 AM	KILL THE MESSENGER

बेनामी

दिनांक : 19 जून

समय : 9 PM

सार : बेन नासन, एक नाटककार, अत्याचार और प्रकट करने के लिए मजबूर है कि अगर एडवर्ड डी वेरे, ऑक्सफोर्ड के अर्ल ने मूल रूप से विलियम शेक्सपियर को श्रेय दिए गए कार्यों को लिखे हैं

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी-4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया। फोन-26568477, 26409779. E : alpaviram1@yahoo.com

औद्योगिक सूचना प्रणाली पर जागरुकता सत्र-छत्तीसगढ

औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग द्वारा 15 जून, 2017 को नया रायपुर, छत्तीसगढ में औद्योगिक सूचना प्रणाली पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद के सांसद और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय की सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री चन्दू लाल साहू ने की। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ सरकार तथा औद्योगिक संघों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

योग को लोकप्रिय बनाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा मानव संसाधन विकास मंत्रालय

योग जीवन जीने का एक तरीका है जिसका लक्ष्य एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ मस्तिष्क है। योग के तमाम फायदों को रोजमर्रा के जीवन से जोड़ने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2017) पर देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद जनता, खासतौर पर छात्रों और संकायों के बीच इसे प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं योग ओलंपियाड 2017 दूसरा ओलंपियाड है जिसमें प्राइमरी से ऊपर के बच्चों से लेकर माध्यमिक स्तर के बच्चों को शामिल किया जाएगा। इसका आयोजन राष्टीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा 18-20 जून, 2017 के बीच एनसीईआरटी, नई दिल्ली में किया जाएगा। ओलंपियाड आयोजित करने के पीछे यह विचार है कि इस दौरान योग के क्षेत्र में ओलंपिक खेल कार्यक्रम या शांति दौड़ जैसा महसूस होना चाहिए। योग ओलंपियाड से शांति, सद्भाव और सहयोग में प्रेम का संदेश दिया का प्रयास किया जाएगा। इस वर्ष योग ओलंपियाड का आयोजन एनसीईआरटी द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई) के सहयोग से किया जाएगा। योग ओलंपियाड की थीम स्वास्थ्य और सद्भाव के लिए योग होगी। योग ओलंपियाड का उद्देश्य किसी व्यक्ति के जीवन को योग से जोड़ने के लिए योग के तमाम पहलुओं को समझना है। इसका मकसद बच्चों में स्वस्थ आदत और मानवीय मूल्यों का विकास करना है। योग क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य का विकास करने का प्रयास किया जाएगा। एनसीईआरटी ने योग आलंपियाड 2017 को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को योजना और सामान्य दिशा-निर्देश भेज दिए हैं।

भावनगर कारखाना के श्री विमलेश चंद्र को लिम्का बुक ओफ रेकोर्ड का पुरस्कार

प.रे. के भावनगर स्थित वर्कशोप मे सहायक कारखाना प्रबधक पद पर कार्यरत श्री विमलेश चंद्र को हाल ही मै लिम्का बुक वल्ड रेकोर्ड पुरस्कार से सन्मानित किया गया हे । इन्हे प.रे. महाप्रबधक सहित कइ अन्य पुरस्कार भी मिल चूके हे, इन्होने अपनी रुचि होने से रेलवे के बारे मे लिखना स्टेंशनो और स्टेंशन बोर्ड का कोटो कलेकट करना शुरू किया, इनके रेलवे से जुड़े लेख नियमित रूप से विभिन्न पत्र पत्रिका मे में छपते रहते हैं। इनकी पुस्तक भारतीय रेल परिचय को रेलवे बोर्ड से पुरस्क्रूत किया जा चुका हे । इनके कलेकशन मे चौंसठ हजार से अधिक रेलबे सम्बंधित फोटो तथा सात हजार से अधिक रेलवे स्टेंशन के फोटॉ हे। जो कि राष्टीय रेकोर्ड हे। इस उपलबधि के लिये इन्हे लिम्का बुक ओफ रेकोर्ड से सन्मानित किया गया हे। भावनगर के मुखय कारखाना प्रबधक श्री आर.बी.विजयवर्गीय सहित सभी कर्मचारियोने इन्हे शुभकामनाए दी हे।

अब ELALA.IN पर छोटे और मध्यम कद के इकाई को बिक्री के लिए मिलेगा एक नया प्लेटफोर्म



अहमदाबाद, ELALA.IN गुजरात का पहली ओनलाइन शोपिंग प्लेटफोर्म बनकर सामने आया है। ELALA.IN एक एसा प्लेटफोर्म है जहां फेशन से लेकर ओर भी आवश्यक चीजे खरीद शकते है। आज विश्वभर में ओनलाइन खरीदी और बिक्री का महत्व काफी बढ गया है तब ELALA.IN छोटे और मध्यम कद के ईकाई के साथ साथ युवतीयां, महिलाएं एवं गृह उद्योग को बढावा देने हेतुसर ने अपने प्लेटफोर्म पर फ्री पंजीकरण की सेवा प्रदान करता है। इस के अलावा प्रोडक्ट को घर से ही पिकअप और कस्टमर को डिलीवरी की सर्विस भी ELALA.IN प्रदान करेगा।

आज के समय में प्रोडक्ट बेचना काफी मुश्किल माना जाता है, वैसे में ELALA.IN सभी को अपनी प्रोडक्ट बेचने के लिए विशेष प्लेटफोर्म प्रदान करता है। आप मोबाईल में ELALA SELLER APP डाउनलोड करके भी घर बैठे ही प्रोडक्ट बेच पायेंगे। (19-10)

ओह माइ डॉग!! देखें स्वच्छंद पशु-आधारित रियलिटी शो डाँट ब्लेम द डॉग, सोनी बीबीसी अर्थ पर

ट्युन-इन नोट

'कुत्ता आदमी का सर्वश्रेष्ठ मित्र होता है', यह बेहद आम कहावत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह रोयेंदार, आकर्षक और प्यारा पालतू पशु घरों की देखभाल करके खुशी फैलाता है। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। कभी-कभी मनुष्य उनकी जिम्मेदारियों को समझने में भूल कर बैठता है। दरअसल, अधिकांश मामलों में किसी पालतू पशु का बुरा व्यवहार उनके प्रति मालिक के व्यवहार का नतीजा होता है। यह विशेष शृंखला, 'डाँट ब्लेम द डॉग' अवश्य देखें, जिसका प्रथम प्रसारण 19 जून, 2017 को रात 10 बजे, केवल सोनी बीबीसी अर्थ पर होने जा रहा है।

इस शो में कुत्ते के युवा मालिकों की उनके पालतू पशुओं के प्रति बुरे व्यवहार की गहरी जानकारी मिलती है। जब उन्हें जीने के लिए अपने कुत्तों का सहारा लेने वाले लोगों के साथ रहने का अवसर मिलता है, तब उनकी मानसिकता में सकारात्मक बदलाव आ जाता है।

'डाँट ब्लेम द डॉग' की पैनी नजर वाली कहानियों को देखकर आप अचंभित रह जायेंगे, जिसका शुभारंभ हो रहा है 19 जून को रात 10 बजे केवल सोनी बीबीसी अर्थ #FeelAlive पर। (20-4)

देश के 91 प्रमुख जलाशयों का जलस्तर उनकी संग्रहण क्षमता का 20 प्रतिशत

15 जून, 2017 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के 91 प्रमुख जलाशयों में 30.903 बीसीएम (अरब घन मीटर) जल का संग्रहण आंका गया। यह इन जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता का 20 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के कुल संग्रहण का 126 प्रतिशत तथा पिछले दस वर्षों के औसत जल संग्रहण का 107 प्रतिशत है। 25 मई को समाप्त हुए सप्ताह के अंत में यह 20 प्रतिशत थी। इन 91 जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता 157.799 बीसीएम है, जो समग्र रूप से देश की अनुमानित कुल जल संग्रहण क्षमता 253.388 बीसीएम का लगभग 62 प्रतिशत है। इन 91 जलाशयों में से 37 जलाशय ऐसे हैं जो 60 मेगावाट से अधिक की स्थापित क्षमता के साथ पनबिजली संबंधी लाभ देते हैं। उत्तरी क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा राजस्थान आते हैं। इस क्षेत्र में 18.01 बीसीएम की कुल संग्रहण क्षमता वाले छह जलाशय हैं, जो केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्यूसी) की निगरानी में हैं।

युवाओं को भावी लीडर्स के रूप में विकसित करने हेतु लीडरशीप इन एक्शन समर केम्प आयोजित

अहमदाबाद: बिजनेस में व्यक्तिगत अथवा संस्थाकीय विकास एवं उत्तम जीवन तथा व्यक्तिगत रुप से परिवर्तन के लिए दो दशक से कार्यरत अनलिमिटेड उन्नति प्रा. लि. ने सात दिवसीय लीडरशीप इन एक्शन का सफल समापन होने की घोषणा की जिसका आयोजन उदयपुर के हेरिटेज रिसोर्ट में 22 मई, 2017- 29 मई 2017 के दौरान हुआ था।

विशेषकर 7 से 18 वर्षिय आयु के बच्चों के लिए डिजाइन हुआ लीडरशीप इन एक्शन (एलआईए) केम्प सात दिवसिय केम्प था, जिसमें बच्चों को लीडरशीप स्कील्स के रुप में सौचने , विकास करने और इसकी प्रेक्टीस का उद्देश्य थाजो स्कूली- कॉलेज में लीडरशीप के लिए पर्याप्त प्रमाण में इन युवाओं को मौका मिलता नहीं , उसमें उपयोगी साबित होगा। केम्प में युवा विद्यार्थी को विविध आउटडोर एवं एक्स्पिरेन्शियल एक्सरसाइज में शआमिल होने का मौका मिला था।

अहमदाबाद, सौराष्ट्र, दिल्ली और हैदराबाद के 48 जितने छात्र इस सप्ताहभर के समर केम्प में शामिल हुए थे। उन्हे विविध प्रकार का प्रसिक्षण भी दिया गया।

अनलिमिटेड उन्नति प्रा. लि. के चीफ मेन्टोर नीरू गुप्ता ने कहा कि लीडरशीप इन एक्शन केम्प में शआमिल हुए उम्मीदवारों को उच्च स्तर तक ले जाता है। जिसमें बिहेवियर, एट्टीट्यूट और एन्गेजमेंट विषय पर केम्प में उंची अपेक्षा रखी गयी। बालक सक्रियरुप से शामिल हो और चर्चा तथा अन्य प्रवृत्तियों में महत्व की भूमिका अदा करें ऐसा हमारा आग्रह हैं। (19-8)

इस्पात उद्योग को कच्चेमाल की उपलब्धता, आयात प्रतिस्थापन, स्टील की खपत बढ़ाने और अनुसंधान एवं विकास पर ज़ोर देने की आवश्यकता-इस्पात मंत्री

माननीय इस्पात मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने आज भुवनेश्वर में हाल ही में गठित राष्टीय इस्पात उपभोक्ता परिषद की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में भारत सरकार की इस्पात सचिव के साथ ही मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। परिषद को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने वैश्विक इस्पात उद्योग मे भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग विश्व के तीसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक के रूप में उभरा है। और वैश्विक उद्योग के नक्शे पर चीन के बाद गर्व से दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और यह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक इस्पात उद्योग के नक्शे पर चीन के बाद भारतीय इस्पात प्रमुखता से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने की ओर बढ़ रहा है।

माननीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इस्पात का देश के लिए रणनीतिक महत्व के क्षेत्रों जैसे विनिर्माण, अवसंरचना, बिजली, एयरोस्पेस और औद्योगिक मशीनरी से लेकर उपभोक्ता उत्पाद तक में व्यापक उपयोग होता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस्पात क्षेत्र के महत्व और इसके गतिशील परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, राष्टीय इस्पात नीति (एनएसपी) 2017 को सामने लाई है। नई इस्पात नीति के लागू होने के बाद भरोसा किया जा रहा है कि घरेलू इस्पात को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त माहौल बनाने में उचित नीति का साथ मिलने से इस्पात उद्योग तेजी से वृद्धि करेगा और इसके जरिये यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्पात उत्पादन उसकी मांग में हो रही अपेक्षित वृद्धि को पूरा करे।

राष्टीय इस्पात नीति के मुख्य क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, राष्टीय इस्पात नीति का कच्चे माल की उपलब्धता, आयात प्रतिस्थापन, इस्पात खपत को बढ़ाने, वैल्यू-एडेड स्टील में शोध एवं अनुसंधान पर ज़ोर, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास को बढ़ाने, भारत की किफ़ायती और गुणवत्तापरक इस्पात उत्पादक के रूप में पहचान कायम करने, और इस्पात उद्योग का कार्बन फुट प्रिंट कम करने पर मुख्य रूप से ज़ोर होगा। श्री सिंह ने घरेलू निर्मित लौह और इस्पात को प्राथमिकता देने की इस्पात नीति के बारे में बताते हुए कहा कि इससे घरेलू इस्पात की खपत में बढ़ोत्तरी होगी और इससे भारतीय इस्पात उद्योग को काफी मदद होगी।

इस्पात मंत्री ने उल्लेख करते हुए कहा कि इस्पात आधुनिक दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण उत्पादों में से एक है और इसके साथ ही यह किसी भी औद्योगिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। इस्पात की खपत बढ़ाने के लिए इसके गुणों और लाभों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना बहुत ही ज़रूरी है। इस्पात की लो लाइफ सायकल कॉस्ट पर ज़ोर देते हुए, माननीय मंत्री ने कहा कि यह वृहद विनिर्माण, भवनों, और निजी उपयोगकर्ताओं तक के लिए व्यवहारिक विकल्प है उन्होंने इस्पात की खपत को बढ़ाने के लिए कहा; मंत्रालय ने निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों जैसे ग्रामीण विकास, शहरी बुनियादी ढांचे, सड़क एवं राजमार्ग, रेलवे इत्यादि पर प्रमुखता से ज़ोर दे रही है।

वर्ष 2030 तक भूमि के उपजाऊपन में गिरावट को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है राष्ट-डॉ. हर्ष वर्धन

पर्यावरण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा है कि मोदी सरकार वर्ष 2030 तक भूमि के उपजाऊपन में गिरावट को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी राष्टीय स्थिति और विकास संबंधी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ क्षेत्रीय परामर्श और कार्यशालाओं की एक श्रृंखला के बाद भारत की नई राष्टीय कार्य योजना (एनएपी) को अंतिम रूप दिया जाएगा। विश्व मरु प्रसार रोक दिवस की पूर्व संध्या पर यहां अपने वक्तव्य में मंत्री महोदय ने कहा कि भारत स्थानीय भूमि को स्वस्थ और उत्पादक बनाने के लिए सामुदायिक स्तर पर आजीविका पैदा करने के लिए टिकाऊ भूमि और संसाधन प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य तैयार हो सके। उन्होंने इस वर्ष के नारे हमारी भूमि, हमारा घर, हमारा भविष्य पर भी प्रकाश डाला। मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि उत्पादकता को बढ़ाने में किसानों की मदद के लिए सरकार द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि योजना के तहत पिछले तीन सालों में 840.52 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो कि पहले के वर्षों में मृदा शोध व विश्लेषण के लिए समर्पित राशि से 30 गुना ज्यादा है। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, 'सरकार अपशिष्ट निपटान, सीवेज की समस्या को दूर करने के साथ स्वच्छ भारत मिशन और अपने नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

मंत्री महोदय ने बताया कि इस साल सरकार ने विश्व मरु प्रसार रोक दिवस के ऐतिहासिक उत्सव के लिए हरियाणा के गुरूग्राम स्थित स्वर्ण जयंती प्रकृति शिविर, भोंडसी को चुना है।

Our 'ABPM on call' initiative supported 16,300 patients and 2,800 doctors*.

- Focus on developing products in the chronic and acute category which are linked to lifestyle related disorders
- Product portfolio of 80 mother brand groups as of March 31, 2017**
- Portfolio primarily focused on therapeutic areas requiring the intervention of specialists and super specialists
- Multi-faceted product selection and engagement model leading to growth in prescriptions
- Strong sales, marketing and distribution capabilities

Eris
ERIS LIFESCIENCES LIMITED
www.eris.co.in

*As of March 31, 2017 **In Fiscal 2017 (Source: IMS TSA MAT, March 2017).

ERIS LIFESCIENCES LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirement, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus dated June 06, 2017 ("RHP") with the Registrar of Companies, Gujarat ("RoC"). The RHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, as well as on the websites of the BRLMs, i.e. at www.axiscapital.co.in, www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm, www.credit-suisse.com/in/IPO/ and the websites of the stock Exchanges at BSE at www. bseindia.com and NSE at www.nseindia.com. Potential investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risks, potential investors should refer to the section titled "Risk Factors" beginning on page 16 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision. This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This material is not an offer for sale of the equity shares in the United States. The equity shares being offered in the initial public offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "U.S. Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and the applicable state securities laws. Accordingly, such equity shares are being offered and sold (i) outside the United States in offshore transactions in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of jurisdictions where those offers and sales occur; and (ii) to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act), pursuant to the private placement exemption set out in Section 4(a) of the U.S. Securities Act.

Adfactors 132 A